# समन्वय अनुबंध

(MEMORANDUM OF UNDERSTANDING)

महाराष्ट्र राष्ट्रभाषा सभा, पुणे संचलित

हिंदी प्रचार केंद्र, कोल्हापुर 410012

और

श्री शहाजी छत्रपति महाविद्यालय, दसरा चौक, कोल्हापुर 416002

Scanned with CamScanner

भारतीय गैर न्यायिक

एक सौ रुपये Rs. 100

रु. 100 ONE HUNDRED RUPEES

सत्यमेव जयते

भारत INDIA

INDIA NON JUDICIAL

महाराष्ट्र MAHARASHTRA ◑ 2023 ◑ 61AA 297993

दिनांक 3 OCT 2023 वि.न. 60534 ला.न.११/१६

श्री. ऋषिकेश राजेंद्र भोसले यांना

रा. कुडमवाडी

रु.( 100 )चा स्टँप मागितलेवरुन रु. 100 /-ची

त्यांचे भरती रु. ———— असे स्टँप दिले.

राहुल ना. पाटील
स्टँप वेंडर
तहसीलदार कार्यालय आवार
कसबा बावडा, कोल्हापूर.
कोड क्र. २६०१००४

22 SEP 2021
STAMP HEAD CLERK
TREASURY OFFICE
KOLHAPUR (M.S.)

महाराष्ट्र राष्ट्रभाषा सभा, पुणे संचलित
हिंदी प्रचार केंद्र, कोल्हापुर
६० 'ए', बिनखांबी गणपती मंदिराजवळ,
कोल्हापुर - ४१६०१२.

SHAHAJI CHHATRAPATI MAHAVIDYALAYA KOLHAPUR

## समन्वय अनुबंध

## (MEMORANDUM OF UNDERSTANDING)

महाराष्ट्र राष्ट्रभाषा सभा, पुणे संचलित

हिंदी प्रचार केंद्र, कोल्हापुर 410012

और

श्री शहाजी छत्रपति महाविद्यालय, दसरा चौक, कोल्हापुर 416002

भारत जैसे विशाल और बहुभाषी राष्ट्र को अपनी अस्मिता, राष्ट्रीय एकता और अंतप्रांतीय व्यवहार के लिए राष्ट्रभाषा की नितांत आवश्यकता है। सदियों से हिंदी यह कार्य करती आई है। महाराष्ट्र राष्ट्रभाषा सभा, पुणे यह संस्था



Scanned with CamScanner

महाराष्ट्र में राष्ट्रभाषा हिंदी का प्रचार-प्रसार करनेवाली एक अग्रेसर समाजसेवी संस्था है। राष्ट्रपिता महात्मा गांधीजी की प्रेरणा से 22 मई, 1937 को इस समाजसेवी संस्था की स्थापना हुई।

महाराष्ट्र राष्ट्रभाषा सभा, पुणे यह संस्था अपने केंद्रीय और विभागीय कार्यालय, भवन, ग्रंथालय, मुद्रणालय, पुस्तक भंडार, हिंदी प्राथमिक माध्यमिक विद्यालय तथा महाविद्यालय आदि से संपन्न है। महाराष्ट्र राष्ट्रभाषा सभा, पुणे द्वारा साहित्यिक पत्रिका राष्ट्रवाणी मुखपत्र 'समाचार" तथा मौलिक अनूदित पुस्तकों का प्रकाशन किया जाता है और साहित्यिक-सांस्कृतिक संगोष्ठी 'ज्ञानदा' व्याख्यानमाला, सम्मेलन, कार्यशाला, परिसंवाद, वक्तृत्व, लेखन, पठन, कथन, मंचन प्रतियोगिताएँ आदि का आयोजन भी किया जाता है।

संक्षेप में महाराष्ट्र राष्ट्रभाषा सभा, पुणे राष्ट्रीय, सांस्कृतिक, साहित्यिक, शैक्षिक प्रवृत्तियों का संचालन करनेवाली संस्था राष्ट्रीय एकात्मता का सराहनीय कार्य कर रही है। यह संस्था "हिंदी पढ़ो आगे बढ़ो भारत जोड़ो' इस नारे को जनमानस पर अंकित - कर रही है।

महाविद्यालय का हिंदी विभाग निरंतर राजभाषा हिंदी के प्रचार प्रसार के लिए सक्रीय रहा है। महाराष्ट्र राष्ट्रभाषा सभा, पुणे विभागीय कार्यालय कोल्हापुर के साथ यह अनुबंध पुनश्च जारी होने जा रहा है।

अतः महाराष्ट्र राष्ट्रभाषा सभा, पुणे और श्री शहाजी छत्रपति महाविद्यालय, दसरा चौक, कोल्हापुर 416002 के बीच वार बुधवार, दि. 04 सितम्बर, 2023 से पाँच सालों के लिए समन्वय अनुबंध (सामजस्य करार) हो रहा है। इस अनुबंध का उद्देश्य निम्ननुसार स्पष्ट किया गया है।

महाराष्ट्र राष्ट्रभाषा सभा, पुणे संचलित
हिंदी प्रचार केंद्र, कोल्हापुर
२६६० 'ए', खिरसांबी गणपती मंदिराजवळ,
कोल्हापुर - ४१६०१२.

नीति :-

1. हिंदी भाषा, साहित्य और संस्कृति का संवर्धन करना। राष्ट्रभाषा हिंदी को अधिकाधिक प्रसारित करना, जिससे राष्ट्रभाषा का स्वरूप सर्वग्राहय हो।
2. राष्ट्रभाषा हिंदी का विकास देश की प्रादेशिक भाषाओं के संपर्क और उनके विकास के साथ संपन्न होता रहे।
3. अहिंदी भाषी क्षेत्र में हिंदी को प्रसारित कर राष्ट्रभाषा हिंदी के महत्त्व को स्थापित करना।
4. अन्यान्य प्रदेशों में प्रादेशिक भाषाओं का स्थान और सम्मान बना रहे तथा अंतर्प्रातीय व्यवहार के लिए राष्ट्रभाषा हिंदी का प्रयोग हो।
5. राष्ट्रभाषा हिंदी के द्वारा राष्ट्रीय एकात्मता निर्माण हो।

उद्देश्य :-

1. राष्ट्रभाषा हिंदी का प्रचार करना तथा भारतीय संविधान के 17 वे भाग के 343 वीं धारा में निर्देशित राजभाषा हिंदी और लिपि देवनागरी के प्रसार और विकास में सहायता प्रदान करना।
2. राजभाषा हिंदी की पढ़ाई का प्रावधान करना।



Scanned with CamScanner

3. हिंदी भाषा, साहित्य और संस्कृति का संवर्धन करना।

4. भारत में प्रचलित सभी भाषाओं, विशेष रूप से मराठी भाषा के द्वारा हिंदी के विकास में सहायता प्रदान करने का प्रयास करना, मराठी तथा भारत में प्रचलित सीभी भाषाओं का हिंदी के साथ पारस्परिक संबंध दृढ़ करने के लिए मराठी आदि भाषाओं की पढ़ाई का प्रावधान करना। उनके माध्यम से सभी पोषक प्रवृत्तियों को चलाना तथा राष्ट्रीय एकात्मता को पुष्ट करना।

महाराष्ट्र राष्ट्रभाषा सभा, पुणे संचलित
हिंदी प्रचार केंद्र, कोल्हापुर
२६६० 'ए', बिनखांबी गणपती मंदिराजवळ,
कोल्हापुर - ४१६०१२.

नियम :-

- स्वखर्च से एक-दूसरे को सहयोग देना।
- समन्वय अनुबंध की बातों का आवश्यकतानुसार नूतनीकरण करना।
- पूर्व लिखित सूचना के साथ दोनों में से किसी भी संस्था को अनुबंध समाप्ति का अधिकार रहेगा।
- परस्पर सम्मति से निर्धारित कालावधि के बाद फिर से पाँच सालों के लिए यह समन्वय अनुबंध जारी रखा जा सकता है। इसके लिए निश्चित तारीख तथा लिखित अनुमति की आवश्यकता रहेगी।

समन्वय :-

प्रस्तुत समन्वय अनुबंध के जिम्मेदार महाराष्ट्र राष्ट्रभाषा सभा, पुणे संचलित कोल्हापुर विभागीय समिति (हिंदी प्रचार केंद्र, कोल्हापुर) के अध्यक्ष तथा महाविद्यालय के प्रधानाचार्य तथा विभाग प्रमुख रहेंगे।

प्रस्तुत समन्वय अनुबंध कानूनन प्रावधानों के साथ दो प्रतियों में कार्यान्वित हो रहा है।

उपर्युक्त दिनांक और वर्षानुसार प्रस्तुत समन्वय अनुबंध पर निम्नांकित समन्वयक अधिकारियों के हस्ताक्षर से अमल हो रहा है।

डॉ. एन. व्ही. केसरकर
अध्यक्ष,
कोल्हापुर विभागीय समिति
महाराष्ट्र राष्ट्रभाषा सभा, पुणे।

डॉ. आर.के. शानेदिवान,
प्रधानाचार्य,
श्री शहाजी छत्रपति महाविद्यालय,
दसरा चौक, कोल्हापुर।

Principal,
Shri Shahaji Chhatrapati
Mahavidyalaya, Kolhapur.

SHRI SHAHAJI CHHATRAPATI MAHAVIDYALAYA KOLHAPUR

डॉ. सरोज पाटील,
हिंदी विभाग प्रमुख,
श्री शहाजी छत्रपति महाविद्यालय,
दसरा चौक, कोल्हापुर।

SHRI SHAHAJI CHHATRAPATI MAHAVIDYALAYA KOLHAPUR



महाराष्ट्र राष्ट्रभाषा सभा, पुणे संचलित
हिंदी प्रचार केंद्र, कोल्हापुर
२६६० 'ए', बिनखांबी गणपती मंदिराजवळ,
कोल्हापुर - ४१६०१२.

Scanned with CamScanner